www.xtrapapers.com

**UNIVERSITY OF CAMBRIDGE LOCAL EXAMINATIONS SYNDICATE**
**in collaboration with**
**THE MINISTRY OF EDUCATION, SINGAPORE**
**General Certificate of Education Ordinary Level**

**HINDI** **3195/2**

PAPER 2 Language Usage and Comprehension

**OCTOBER/NOVEMBER SESSION 2002**

1 hour 30 minutes

Additional materials:
Answer paper

**TIME** 1 hour 30 minutes

**INSTRUCTIONS TO CANDIDATES**

Write your name, Centre number and candidate number in the spaces provided on the answer paper/ answer booklet.

Answer **all** questions.

Write your answers on the separate answer paper provided.

If you use more than one sheet of paper, fasten the sheets together.

**INFORMATION FOR CANDIDATES**

The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section A
## खंड क

**A1** **Separation of Words** **[10]**
**संधि-विच्छेद**

निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए और अपने उत्तर दिए गए उत्तरपत्र में लिखिए।

1 हिमालय

2 इत्यादि

3 भाग्योदय

4 सूक्ति

5 दिनेश

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs**

**मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए गए मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग चुनिए और उन्हें उत्तरपत्र में लिखिए।

6 मध्य-युग के भारत की कहानी मुगलों के ________ की कहानी है।

7 कालू सोचता है कि काश उसने भी विजय की तरह मेहनत की होती, पर ________________।

8 दिन भर फ़ाइलें छानने के बाद बाबूलाल ____________ घर लौटा।

9 बिल क्लिंटन के शासन काल में अमरीका ने ________________ प्रगति की।

10 नेल्सन मंडेला ने ________________ की बजाए सुलह का रास्ता अपनाया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | थका-हारा | (6) | दिन दूनी रात चौगुनी |
| (2) | जैसी करनी वैसी भरनी | (7) | उत्थान-पतन |
| (3) | सुख-दुःख | (8) | गड़े मुर्दे उखाड़ना |
| (4) | आकाश के तारे तोड़ना | (9) | भागा-भागा |
| (5) | भाग खड़ा होना | (10) | अब पछताए क्या होत जब चिड़िया चुग गई खेत |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A3 Sentence Transformation

**वाक्य रूपान्तरण**

निम्नलिखित वाक्यों के नीचे दिए गए अधूरे वाक्यों को इस तरह बदल कर पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए गए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दिए गए उत्तरपत्र में लिखिए।

**11** दादी माँ बच्चों को महाभारत की कहानियाँ सुना रही है।
बच्चों को ____________________ ।

**12** कल किसने देखा है !
कौन ____________________ ।

**13** वह स्टेशन पर पहुँचा और गाड़ी चल दी।
उसके स्टेशन पर ____________________ ।

**14** सीधी अंगुली से घी नहीं निकलता।
घी को ____________________ ।

**15** इससे पहले कि बरसात होने लगे, हमें घर पहुँच जाना चाहिए।
बरसात ____________________ ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**A4 Cloze Passage**

**क्लोज़ पैसेज**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तरपत्र में लिखिए।**

कार्बन की पारदर्शी और बेहद **16** अवस्था को हीरा कहते हैं। यह धरती पर पाया जाने वाला सबसे कठोर और **17** खनिज है। हीरे की खानें नदियों की तलहटियों, समुद्र की तलहटी या लावे के निकास के आस-पास पायी जाती हैं। आभूषणों के रूप में हीरों का **18** आज से पाँच हज़ार वर्ष से भी पहले शुरु हो चुका था। सन् 1725 में ब्राज़ील में शुरु हुई हीरों की खुदाई से पहले ज़्यादातर हीरे भारत से आते थे। लेकिन आजकल हीरों के बड़े **19** देशों में ऑस्ट्रेलिया, कोंगो, बोत्सवाना, रूस, दक्षिण अफ़्रीका, नामीबिया और अंगोला के नाम आते हैं। आकार, पारदर्शिता, रंग और कठोरता के आधार पर हीरों को कई **20** में बाँटा जाता है। बड़े आकार और उत्तम पारदर्शिता वाले हीरे सबसे क़ीमती माने जाते हैं और इनका प्रयोग आभूषणों और **21** परीक्षणों में किया जाता है। अमरीका की अंतरिक्ष संस्था नासा ने 1978 में शुक्र की **22** पर भेजे टोही अंतरिक्ष यान में इसी तरह के पारदर्शी हीरों का प्रयोग किया था। छोटे आकार वाले, खुरदरे और कठोर हीरों का प्रयोग काटने, पीसने, तराशने और पॉलिश करने वाले **23** में किया जाता है। खुद हीरों को तराशने और पॉलिश करने का **24** ज़्यादातर भारत में होता है। इस काम में हज़ारों बच्चे भी लगे हुए हैं। स्कूल की उम्र के बच्चों से मज़दूरी कराने का **25** करने वाले संगठन माँग कर रहे हैं कि ऐसे हीरों पर पाबंदी लगाई जाए जिनको तैयार करने में बच्चों का ख़ून-पसीना लगा हो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | उपभोक्ता | (6) | प्रयोग | (11) | काम |
| (2) | उद्योगों | (7) | क़ीमती | (12) | संयोग |
| (3) | नरम | (8) | उत्पादक | (13) | ठोस |
| (4) | श्रेणियों | (9) | समर्थन | (14) | आभूषणों |
| (5) | वैज्ञानिक | (10) | विरोध | (15) | यात्रा |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section B
### खंड 'ख'

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

तम्बाकू का इतिहास ईसा से भी लगभग तीन हज़ार साल पुराना है। इसके पहले संकेत प्राचीन मिस्र में मिलते हैं। लेकिन तम्बाकू पीने में काम आने वाला पाइप पहले-पहल चीनियों ने बनाया और तम्बाकू सेवन के पहले प्रमाण दक्षिण-मध्य अमरीका से मिलते है। अमरीका से तम्बाकू को कोलंबस 1497 में अपने साथ पुर्तगाल लाया और पुर्तगाली लोग इसे एशिया के कोने-कोने तक ले गए। भारत में पुर्तगाल के दूत ने मुगल सम्राट अकबर के दरबार में तम्बाकू पेश किया था।

आज तम्बाकू के सेवन से दुनिया में हर साल लगभग चालीस लाख लोग मरते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि ये संख्या 2030 तक बढ़कर एक करोड़ हो जाएगी। इनमें से सत्तर प्रतिशत लोग भारत और चीन जैसे विकास की तरफ़ बढ़ने वाले देशों के होंगे। तम्बाकू का सेवन चाहे जिस तरह किया जाए, बीड़ी-सिगरेट पीकर, चबा कर या सूँघ कर; परिणाम घातक ही होते हैं। बीड़ी-सिगरेट पीने वालों को गले व फेंफड़े के कैंसर, नपुंसकता, साँस और दिल की बीमारियाँ; तम्बाकू चबाने वालों को मुँह, जीभ, गले और पेट के कैंसर और सुँघनी लेने वालों को नाक, गले व फेंफड़े के कैंसर और साँस की बीमारियाँ हो सकती हैं। तम्बाकू ही शायद ऐसी चीज़ है जो अपना सेवन करने वालों में से लगभग आधों की जान ले लेती है।

मुश्किल ये है कि दुनिया के करोड़ों लोगों की रोज़ी-रोटी तम्बाकू की खेती और तम्बाकू उद्योग से चलती है। कई देशों के बजट का एक बड़ा हिस्सा तम्बाकू करों से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जितना पैसा सरकारों को तम्बाकू करों से मिलता है, उससे कहीं ज़्यादा पैसा तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के इलाज और उनका शिकार बनने वालों के परिवारों की सहायता पर ख़र्च हो जाता है। बीड़ी-सिगरेट पीने वाले अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ दूसरों के स्वास्थ्य को भी ख़राब करते हैं। तम्बाकू के धुएँ में साँस लेने से तम्बाकू का सेवन न करने वालों को भी कैंसर और दिल की बीमारियाँ हो सकती हैं। इसीलिए सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी-सिगरेट पीने पर पाबंदियाँ लगाई जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया को तम्बाकू मुक्त कराने का अभियान चलाया है।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**B5 MCQ Comprehension**

**आशय समझना**

ऊपर दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे चार-चार उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर को चुन कर उत्तरपत्र में उसकी संख्या लिखिए।

**26** तम्बाकू के पहले संकेत कहाँ मिलते हैं?

(1) चीन में
(2) प्राचीन मिस्र में
(3) दक्षिण-मध्य अमरीका में
(4) पुर्तगाल में

**27** भारत में तम्बाकू कहाँ से आया?

(1) पुर्तगाल से
(2) चीन से
(3) अमरीका से
(4) एशिया से

**28** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 2030 तक तम्बाकू से कितने लोग मरने लगेंगे?

(1) चालीस लाख
(2) करोड़ों
(3) एक करोड़
(4) सत्तर प्रतिशत

**29** ऐसा क्या काम है जो शायद तम्बाकू ही करता है?

(1) गले व फेंफड़े के केंसर, नपुंसकता, साँस और दिल की बीमारियाँ
(2) मुँह, जीभ, गले और पेट के केंसर
(3) नाक, गले व फेंफड़े के केंसर और साँस की बीमारियाँ
(4) सेवन करने वालों में से आधों की जान लेना

**30** कई देशों के बजट का बड़ा हिस्सा कहाँ से आता है?

(1) सिगरेटों से
(2) तम्बाकू उद्योग से
(3) तम्बाकू की खेती से
(4) तम्बाकू करों से

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**31** तम्बाकू के धुएँ में साँस लेने से दूसरों के स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ सकता है?

(1) केंसर और दिल की बीमारियाँ हो सकती हैं
(2) मुँह, जीभ, गले और पेट के केंसर हो सकते हैं
(3) आँखों की रोशनी जा सकती है
(4) पेट की बीमारियाँ हो सकती हैं

**32** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने क्या अभियान चलाया है?

(1) सार्वजनिक क्षेत्रों में बीड़ी-सिगरेट पीना बंद कराने का
(2) दुनिया को तम्बाकू मुक्त कराने का
(3) जागरूकता फैलाने का
(4) सिगरेट उद्योग को बंद कराने का

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section C
### खंड 'ग'

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

धरती के लगभग दो तिहाई हिस्से पर पानी है। लेकिन अधिकांश पानी खारा है और हमारे प्रयोग के लायक नहीं है। धरती का केवल ढाई प्रतिशत पानी ही मीठा है और इसका भी दो तिहाई से ज़्यादा दोनो ध्रुवों और ग्लेशियरों में जमा हुआ है। बाकी बचे मीठे पानी का भी पाँचवाँ हिस्सा अगम्य स्थानों पर है और शेष में से अधिकांश मॉनसून और बाढ़ के रूप में गलत जगह और ग़लत वक़्त पर मिलता है। कुल मिला कर धरती के पानी का केवल हज़ारवाँ हिस्सा ही ऐसा है जिसे हम काम में ला सकते हैं। शहरों की आबादी और ज़मीन की सिंचाई में तेज़ी से हुई बढ़ोतरी के कारण पिछले पचास सालों में पानी की खपत बढ़कर चार गुना हो गई है। अगले बीस सालों में पानी की माँग चालीस प्रतिशत और बढ़ जाने का अनुमान है।

दूसरी तरफ़, ग्रीनहाऊस प्रभाव के कारण धरती के वायुमंडल में गर्मी बढ़ने से मौसम बदल रहे हैं। नदियों में अटूट पानी देने वाले ग्लेशियर और झरने सूख रहे हैं। शहर, कारख़ाने और किसान अपना प्रदूषण नदियों, नहरों और तालाबों में छोड़-छोड़ कर उन्हें गंदा कर रहे हैं। प्रयोग में लाए जा सकने वाले पानी की मात्रा घटती जा रही है। राष्ट्रसंघ के पर्यावरण कार्यक्रम का कहना है कि अगले बीस सालों में भारत समेत दुनिया के पचास देशों में पानी की तंगी पैदा हो जाएगी। आज दुनिया के बीस प्रतिशत लोगों को साफ़ पानी नसीब नहीं है और लगभग आधे लोग सेनिटेशन के बिना काम चला रहे हैं। अगर यही रफ़्तार रही तो पानी को लेकर देशों के भीतर और बाहर झगड़े होने लगेंगे।

विश्व जल आयोग का सुझाव है कि हमें ईंधन की तरह पानी की किफ़ायत के बारे में भी गंभीरता से सोचना चाहिए और जल-प्रदूषण को रोकना चाहिए। इसके लिए हमारे शहरों को नदियाँ और कूएँ खाली करने की बजाए अपने गंदे पानी को साफ़ करना और उसका प्रयोग करना सीखना होगा। किसानों को कम पानी पीने वाली फ़सलों का चुनाव करना होगा और धरती की नमी बनाए रखने के लिए खेती और बाग़वानी का संतुलन बिठाना होगा। पहाड़ों और पनढालों को पेड़ों से ढाँपना और झीलों-तालाबों को सुरक्षित रखना होगा। दुनिया में कई स्थानों पर ऐसे प्रयोग किए गए हैं जो काफ़ी सफल रहे हैं। इनका बड़े पैमाने पर अनुकरण किए जाने की ज़रूरत है।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**C6 OE Comprehension**
**आशय समझना**

33 धरती के पानी का हज़ारवाँ हिस्सा ही काम में क्यों लाया जा सकता है?

34 पानी की माँग कितनी और क्यों बढ़ती जा रही है?

35 प्रयोग में लाए जाने वाले पानी की मात्रा क्यों घट रही है, कोई दो कारण बताइए?

36 राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम का क्या कहना है?

37 विश्व जल आयोग का क्या सुझाव है, शहरों को क्या करना चाहिए?

38 किसानों को पानी के संकट से बचाव के लिए क्या करना होगा?

**C7 Vocabulary** **[10]**
**शब्दार्थ**

ऊपर दिए गए अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है। इनका अर्थ लिखिए।

39 अगम्य

40 प्रदूषण

41 पर्यावरण

42 किफ़ायत

43 बाग़वानी

End of Paper

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers